दैनिक

राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, झांसी, एटा,औरैया, अमेठी,बलरामपुर, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 8 अंक : 16 | लखनऊ, मंगलवार 31 जुलाई, 2018 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00

एस.एम.एस. को डा.एपीजे अब्दुल कलाम उद्यमी लीग 2018-19 में उत्तर-प्रदेश में प्रथम स्थान

राष्ट्रीय प्रस्तावना

लखनऊ। यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ को ड.एपीजे अब्दुल कलाम उद्यमी लीग 2018-19 में प्रथम स्थान मिला है। इसका अवार्ड समारोह डा. एपीजे अब्दुल कलाम की त्रितीय पुण्य तिथि दिनाँक 27 जुलाई 2018 को प्रवासी भारतीय केंद्र, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में उन विद्यालयों को चयनित करते हुए दिया गया जिन्होंने अपने भविष्य दृष्टा होते हुए छात्र-छात्राओ में पठन-पाठन के साथ-साथ अन्वेषण, नवाचार आदि में विकास किया है । छात्र-छात्राओ को विभिन्न परिक्रमा 1.13 के

आयोजनों द्वारा ए.के.टी.यू. ने उन्हें भाग लेने का मौक़ा दिया जिसमे एस.एम.एस.के छात्रो द्वारा सर्वाधिक अन्वेषण, नवाचार आदि द्वारा विकास.कार्यो को सी.वी. रमन अन्वेषण केंद्र द्वारा किये गये माडलों को

प्रदर्शितकर प्रथम स्थान ग्रहण किया । इस प्रकार ए.के.टी.यू. के 615 कालेजो में एस.एम.एस. को प्रथम स्थान पर चयनित किया गया । इस पुरस्कार को एस.एम.एस. के प्रबन्धन से श्री रुद्रेश सिंह व महानिदेशक, डा. भरत राज सिंह ने दिल्ली में ग्रहण किया और लखनऊ पंहुचकर अध्यक्ष, श्री एस.के. सिंह व कार्यकारी अधिकारी, श्री शरद सिंह जी उपलब्ध कराया । कालेज की इस बड़ी उब्लब्धि के लिए अध्यक्ष महोदय, ने सभी सम्मलित छात्रो व अध्यापको को साधुवाद दिया और इसको आगे और अधिक प्रेरणादायक कार्य करने का सुझाव दिया।